12.06.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–सरकार ने पिछले 12 वर्षों में महिला आधारित विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया।

○ प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जयपुर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

○ राज्य सरकार ने सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन बनाने के लिए साझा ज़िम्मेदारी के साथ काम करने का आह्वान किया।

○ प्रदेश में मौसम का दोहरा मिज़ाज–पूर्वी हिस्सों में गरज–चमक के साथ बरसात–पश्चिमी भागों में हीटवेव का प्रभाव।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने पिछले 12 वर्षों में महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाओं की मौजूदगी नजर आ रही है। ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से नए रास्ते खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में विकास परिदृश्य बदल रहा है।

000

केन्द्र सरकार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन को एक निवेश प्लेटफॉर्म का प्रचार करते हुए दिखाने वाले वीडियो को फर्जी बताया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने वीडियो को खंडन करते हुए कहा है कि इसमें 22 हजार रुपये के निवेश पर रोजाना 80 हजार रुपये और हर महीने 24 लाख रुपये के रिटर्न का दावा किया गया है। पीआईबी फैक्ट चेक इकाई ने बताया कि ये वीडियों एआई से बनाया गया है। वित्त मंत्री और केन्द्र सरकार ऐसी किसी निवेश योजना का समर्थन नहीं करते हैं। लोगों को सलाह दी गई है कि वे पैसा निवेश करने और किसी भी तरह की व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी साझा करने में सतर्कता बरतें।

000

प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जयपुर में आज राज्य स्तरीय कार्यशाला और किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। एसएमएस इंडोर स्टेटियम में हुई इस कार्यशाला में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों से रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग कम करने तथा प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। श्री बागड़े ने किसानों से कहा कि वे रसायन मुक्त अनाज तैयार करें। इस प्रकार के अनाज से कई तरह की बीमारियों से बचाव हो सकता है।

गुजरात के राज्यपाल श्री देवव्रत ने कहा कि रासायनिक खेती के कारण आज देशभर में खेतों की मिट्टी का ऑर्गेनिक कार्बन का निचले स्तर पर पहुंचना चिंताजनक है। उन्होंने सूक्ष्म जीव और मित्र कीट द्वारा मिट्टी को मुलायम करने और उर्वरकता बढ़ाने की पद्धति पर जोर दिया।

वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसानों ने पंचगव्य, जीवामृत, बीजामृत और मल्चिंग जैसे प्राकृतिक खेती के तरीकों से मानव और मिट्टी दोनों की सेहत का ध्यान रखा है, इसलिये किसानों को प्राकृतिक खेती को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि धरती माता को जहरीले रसायन और कीटनाशकों से नुकसान होता है।

000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए सरकार ने जल और ऊर्जा उपलब्धता का विस्तृत रोडमैप बनाया है। कार्यशाला में मल्लखम्भ प्रदर्शन भी किया गया।

000

बूंदी जिले की केशवरायपाटन, तालेड़ा और हिंडोली पंचायत समितियों में के कामकाज में गंभीर लापरवाही पाये जाने पर बीडीओ सहित 11 ग्राम विकास अधिकारियों को निलंबित किया गया है। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर ये व्यापक कार्रवाई की गई है। इन ग्राम विकास अधिकारियों के खिलाफ 16 सीसीए के तहत विभागीय कार्रवाई शुरू करने के आदेश भी दिये गये हैं। गौरतलब है कि श्री दिलावर हाल ही इन पंचायतों का औचक निरीक्षण किया था।

000

प्रदेश में आज से शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों की शुरूआत हुई। इनके जरिये लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सुगम तरीके से दिया जाएगा। 15 जुलाई तक चलने वाले इन शिविरों के माध्यम से मौके पर ही विभिन्न विभागों से जुड़े काम किये जाएंगे। केन्द्रीय वनमंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज अलवर में शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को दी जा रही सुविधाओं का फीडबैक लिया और लाभार्थियों को पट्टे भी वितरित किये।

000

नीट यूजी की 21 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा की अवधि को 15 मिनट बढ़ाकर 195 मिनिट किया गया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने ये बदलाव करते हुए बताया कि अब परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम सवा 5 बजे तक रहेगा।

इधर, राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा–सेट 2026 का आयोजन इस साल 6 सितम्बर को किया जाएगा। कोटा विश्वविद्यालय की ओर से ये परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए 14 जून से 15 जुलाई ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर बी.पी. सारस्वत ने बताया कि इस बार ये परीक्षा 35 विषयों में आयोजित होगी। इसमें राजस्थानी, सिंधी, पंजाबी, फारसी और उर्दू पांच नए विषय शामिल किए गए हैं।

000

राज्य सरकार ने सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन बनाने के लिए साझा जिम्मेदारी के साथ काम करने का आह्वान किया है। उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा है कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री बैरवा आज जयपुर में स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने 10 वर्षीय सड़क सुरक्षा कार्ययोजना क्रियान्विती की समीक्षा की।

उपमुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी रूप से लागू करने, सडत्रक दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहायता और बेहतर इलाज उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। साथ ही सड़क सुरक्षा मित्रों को प्रोत्साहन राशि के साथ आवश्यक उपकरण देने को भी कहा। डॉ. बैरवा ने लोगों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए बसों की नियमित फिटनेस जांच करवाने तथा चालाकों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण पर भी जोर दिया।

000

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने युवा पीढ़ी से हर तरह के नशे से दूर रहने अपील की है। श्री अठावले आज जयपुर में नशा मुक्त भारत, जन चेतना सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा को देश के विकास में लगाएं। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि नशे से समाज के हर तबके का नुकसान होता है। उन्होंने समारोह में सभी लोगों अपने आस–पास मौजूद नशा करने वालों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने को कहा। श्री अठावले ने मीडिया से बातचीत में जातिगत मतगणना को विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

000

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से नशा मुक्ति केन्द्र खोलने वालों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने एक निजी संस्थान की ओर से आयोजित वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन सम्मान समारोह में भी शिरकत की। समारोह में उन्होंने कहा कि मंत्रालय दिव्यांगों को जरूरी किट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

000

आज बालश्रम निषेध दिवस है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में करोड़ों बच्चे बालश्रम में लगे हुए हैं। देश में भी कृषि, होटल उद्योग, ईंट भट्टों, पटाखा निर्माण और कचरा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में लाखों बच्चे काम कर रहे हैं। इसके पीछे आर्थिक समस्या और सामाजिक विषमता को जिम्मेदार बताया जाता है।

बालश्रम निषेध दिवस के मौके पर करौली में बैक टू स्कूल अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान में 12 जुलाई तक सामुदायिक जागरुकता गतिविधियां होंगी। कार्यक्रम में स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा से जोड़ने और बाल विवाह की रोकथाम पर जोर दिया गया। जिले के 30 गांवों के सर्वे में लगभग साढे छह सौ बालिकाएं ड्रॉप आउट वहीं छह सौ बालिकाएं बाल विवाह की आशंका के जोखिम में चिन्हित हुई हैं। उधर, पाली के सुमेरपुर में एक बच्ची को बालश्रम से मुक्त करवाया गया।

000

राज्य में मौसम का दोहरा मिज़ाज देखने को मिल रहा है। बीते 24 घंटों में पूर्वी हिस्सों में गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलीं और हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गई। वहीं श्रीगंगानगर में आज ओले भी गिरे। उधर, पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं हीटवेव चली और गर्म रात्रि रही। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से आंधी–बारिश की गतिविधियों में आज से बढ़ोतरी की संभावना है। बीकानेर, भरतपुर, जोधपुर, अजमेर और जयपुर संभागों के कुछ भागों में गरज के साथ मध्यम से तेज बारिश के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आंधी–बारिश की गतिविधियां 16 जून तक जारी रह सकती हैं।

000

राजधानी जयपुर में किराए पर वाहन उपलब्ध कराने वाली रेंट–ए–कैब और बाइक रेंटल सेवाओं पर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. राजीव पचार ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों के लिए किराए के वाहनों के दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए ये आदेश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि कई व्यक्तियों और फर्मों की बगैर पंजीकरण के ही वाहन किराये पर देने की शिकायतें सामने आई हैं। श्री पचार ने बताया कि किराये पर वाहन देने के लिए परिवहन विभाग का लाइसेंस लेना अनिवार्य है। साथ ही सभी रेंटल फर्मों को अपने कार्मिकों का पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश दिये गये हैं।

000

दिग्गज निशानेबाज और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता जसपाल राणा का कल रात निधन हो गया है। वे उनचास वर्ष के थे। श्री राणा भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के प्रशिक्षक के रूप में काम कर रहे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य कई नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया किया है। खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने जसपाल राणा को चैंपियन एथलीट बताते हुए कहा कि उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जून को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 135वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।

000